मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू, आज से जमा होंगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया ● रायपुर: प्रदेश में मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना की शुरुआत हो गई है। योजना के अंतर्गत भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रायपुर के साथ मिलकर राज्य सरकार पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करेगी। फेलो को शासन के विभिन्न विभागों में प्रायोगिक प्रशिक्षण का अवसर भी मिलेगा। आइआइएम की ओर से लोक नीति और सुशासन में दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 23 अप्रैल से 11 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप की घोषणा नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से की गई थी। इसका उद्देश्य युवा पेशेवरों को शासन और नीति कार्यान्वयन में योगदान देना, प्रशासनिक दक्षता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए आकर्षित करना है। इसके माध्यम से शासन की कार्यप्रणाली में दक्षता व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही युवाओं को शासन, एनजीओ, थिंक टैंक व निजी क्षेत्र के साथ समन्वय में कार्य कर गवर्नेंस सुधार की दिशा में योगदान देने का अवसर प्राप्त होगा। आवेदक को राज्य का मूल निवासी, अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता

सीएम सुशासन फेलोशिप। ● प्रतीकात्मक

स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। बैंक खाता और आधार मोबाइल नंबर से लिंक होना चाहिए। प्रवेश के लिए कैट परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रदेश की आरक्षण नीति के अनुसार लाभ मिलेगा।

राज्य सरकार वहन करेगी फीस, हर माह 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति

राज्य सरकार इस पाठ्यक्रम की संपूर्ण फीस वहन करेगी। साथ ही प्रत्येक नामांकित छात्र को प्रतिमाह 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण आइआइएम परिसर में दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए आइआइएम की वेबसाइट https://iimraipur.ac.in/mba-ppg/ देखा जा सकता है। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए 0771-2474612 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

Naiduniya 23rd April 2025, Page no. 02.